# केदारनाथ यात्रा की तैयारी को लेकर प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा

■ **22 अप्रैल से शुरू होगी केदारनाथ यात्रा, सभी विभागों को प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने दिये समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश, सुरक्षा, स्वास्थ्य और ट्रैफिक प्रबंधन पर विशेष फोकस, घोड़े-खच्चरों का पंजीकरण व स्वास्थ्य परीक्षण शुरू, डेंजर जोन में विशेष सुरक्षा कार्य जारी, सभी विभागों को समयबद्ध और समन्वित कार्य के निर्देश, यात्रियों की सुरक्षा-सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आगामी केदारनाथ यात्रा 2026 को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सफल बनाने के उद्देश्य से जनपद के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने जिला सभागार में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में यात्रा व्यवस्थाओं की प्रगति का विस्तृत आकलन करते हुए उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समयसीमा के भीतर और आपसी समन्वय से पूरे किए जाएं।



बैठक में जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने जानकारी दी कि 22 अप्रैल से प्रस्तावित यात्रा के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए हर स्तर पर तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

पशुपालन विभाग द्वारा यात्रा मार्ग पर संचालित घोड़े-खच्चरों का पंजीकरण कार्य शुरू कर दिया गया है। साथ ही पशुओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, जिससे यात्रा के दौरान किसी प्रकार की बाधा न आए। लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त सड़कों का चिन्हीकरण कर पैचवर्क तेजी से कराया जा रहा है।

संवेदनशील और डेंजर जोन क्षेत्रों में सुरक्षा के मद्देनजर विशेष ट्रीटमेंट कार्य युद्धस्तर पर जारी है। प्रशासन का लक्ष्य यात्रा मार्ग को पूरी तरह सुरक्षित और सुगम बनाना है।

स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों के तहत यात्रा मार्ग पर पर्याप्त एंबुलेंस तैनात की जाएंगी। डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति के साथ विभिन्न पड़ावों पर स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। आवश्यक दवाओं और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित कर आपात स्थिति में त्वरित उपचार की व्यवस्था की जा रही है। प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने स्पष्ट कहा कि केदारनाथ यात्रा आस्था, संस्कृति और प्रदेश की अर्थव्यवस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे, साथ ही पार्किंग, ट्रैफिक प्रबंधन, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता और आपदा प्रबंधन की व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त की जाएं। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान आने वाली समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए और शिकायतों के निस्तारण के लिए मजबूत व्यवस्था विकसित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुखद यात्रा अनुभव मिल सके।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी, केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल सहित जनप्रतिनिधियों और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# केदारघाटी में नशे के खिलाफ महिलाओं का बड़ा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिले में नशा मुक्त समाज के निर्माण को लेकर महिलाओं ने एक प्रभावशाली पहल करते हुए जनजागरूकता का मजबूत संदेश दिया। त्रियुगीनारायण गांव की महिलाओं ने संगठित होकर त्रियुगीनारायण से सोनप्रयाग तक लगभग 12 किलोमीटर लंबी पैदल रैली निकाली। रैली के दौरान महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था और पूरे मार्ग में नशे के खिलाफ जोरदार नारे लगाए गए।

इस रैली का उद्देश्य क्षेत्र में बढ़ते नशे के प्रचलन पर रोक लगाना और समाज को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था। महिलाओं ने रास्ते भर लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया और विशेष रूप से युवाओं से इस बुराई से दूर रहने की अपील की। गांव-गांव से आई महिलाओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए स्पष्ट किया कि नशा मुक्त समाज के लिए सामूहिक प्रयास बेहद जरूरी हैं।

महिलाओं ने केदारनाथ यात्रा के प्रमुख पड़ाव सोनप्रयाग में अवैध शराब की बिक्री पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे तीर्थयात्रियों की आस्था को ठेस पहुंचती है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु त्रियुगीनारायण भी पहुंचते हैं, ऐसे में यात्रा मार्गों पर इस प्रकार की गतिविधियां गलत संदेश देती हैं। आगामी 22 अप्रैल को केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले प्रशासन को इस दिशा में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

रैली के दौरान विशेश्वरी देवी भट्ट ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज को भी कमजोर करता है।

उन्होंने सभी लोगों से इस अभियान में सहयोग करने और युवाओं को सही दिशा देने की अपील की। रैली में शामिल महिलाओं ने यह भी संकल्प लिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार जागरूकता अभियान चलाकर नशे के खिलाफ इस मुहिम को और मजबूत करेंगी।

## डीएम ने जनता दरबार कार्यक्रम में सुनी जन समस्याएं

नई टिहरी-जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने जनता मिलन कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों का समय पर निस्तारण के निर्देश दिए। जन सुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 33 जनसमस्या पत्र दर्ज किए गए जिनका अधिक से अधिक मौके पर ही निस्तारण किया गया शेष शिकायतों को सम्बन्धित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।इस मौके पर ग्राम पंचायत रिंगाल गढ़ सकलाना के पूर्व प्रधान अजय सिंह राणा द्वारा दैवीय आपदा से विद्यालय की क्षतिग्रस्त दीवार लगाने की मांग, ग्राम चांजी तल्ली की सोहन लता रावत द्वारा अपने निजी खेत से ट्रांसफर्मर हटाये जाने, निवासी ग्राम बमराडी थौलधार द्वारा क्षेत्र की सड़को की मरम्मत व बस सेवा लगाने आदि शिकायत से प्राप्त हुई जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को जनसामान्य की समस्याओं को प्रमुखता से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी**- सरकार के चार साल पूरे होने के अवसर पर नई टिहरी जिले में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाना व जनता तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना।



जिला प्रशासन की ओर से प्रदेश सरकार के चार वर्षों पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं जन-जन को लाभ पंहुचाने के लिए जनपद के तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर सोमवार को कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं जनपद के मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रमों के मुख्य अतिथि विधायक टिहरी किशोर उपाध्याय, नगर पालिका मोहन सिंह रावत, ब्लॉक प्रमुख सुमन सजवाण चंबा, जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल एवं मुख्य विकास अधिकारी वरुण अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा देहरादून से प्रदेश की जनता को संबोधित किया गया, जिसका सजीव प्रसारण कार्यक्रम स्थल पर किया गया। कार्यक्रम को विधायक ने किशोर उपाध्याय ने संबोधित करते हुए कहा की जनपद का विकास जनसहयोग, परिश्रम और विश्वास के बल पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में उत्तराखंड राज्य ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं तथा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर देश में एक नई मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सशक्त नकल विरोधी कानून लागू किया है, जिसके तहत हजारों युवाओं को निष्पक्ष परीक्षाओं के माध्यम से रोजगार प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण, शहीदों और राज्य आंदोलनकारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है तथा उन्हें शासकीय सेवाओं में आरक्षण प्रदान कर यह प्रतिबद्धता प्रदर्शित की गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री के उत्तराखंड के प्रति विशेष लगाव का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके निरंतर भ्रमण से राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान मिली है।

कार्यक्रम स्थलों पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सूचना एवं लोक संपर्क द्वारा प्रकाशित संकल्प से सिद्धि विकसित उत्तराखंड विकास पुस्तिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम स्कूली छात्र-छात्राओं एवं सूचना एवं लोक संपर्क विभाग द्वारा पंजीकृत दलो ने उत्तराखंड की लोक संस्कृति को दर्शाते हुए रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा शि. विर, रक्तदान शिविर, दिव्यांग जनों हेतु कैम्प उपकरण वितरण महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। सूचना विभाग द्वारा राज्य सरकार की उपलब्धियों का प्रचार प्रसार साहित्य वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न पेंशनरों का आवेदन स्वीकृति वितरण, दिव्यांग प्रमाण पत्र तथा सहायक उपकरणों का वितरण, युवा कल्याण विभाग द्वारा डाईजर शिव मूर्ति निकट से निकट से कार्यक्रम स्थल तक मैराथन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। मुख्य अतिथियों द्वारा मैराथन दौड़ में प्रथम एवं द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कृषि विभाग द्वारा गौरव स्वयं सहायता समूह बालमा सुचित्रा गोस्वामी को एसएमएएम योजना के तहत आटा चक्की पावर वीडर हेतु चार लाख की धनराशि चेक प्रदान किया। इसके अलावा बाल विकास विभाग द्वारा महालक्ष्मी किट का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी मोहम्मद असलम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्याम विजय, उप जिलाधिकारी स्नेहिल कुवर, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रेष्ठा भाकूनी, मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवराड़ी, जिला उद्यान अधिकारी अरविंद शर्मा के अलावा संबंधित विभाग के अधिकारी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पुरोला ठेकदारों की मनमानी, सच दिखाने पर पत्रकार को धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला :** जनपद के पुरोला क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां सरकारी विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं को उजागर करने वाले पत्रकारों को दबाव और धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। यह घटना न केवल स्थानीय प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता पर भी सीधा हमला मानी जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुरोला में चल रहे विभिन्न सरकारी विकास कार्यों में कुछ ठेकेदारों द्वारा सरकारी धन के दुरुपयोग और निम्न गुणवत्ता के कार्य किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं। जब स्थानीय पत्रकारों ने इन अनियमितताओं को उजागर करते हुए खबरें प्रकाशित कीं, तो ठेकेदारों में हड़कंप मच गया।

बताया जा रहा है कि ठेकेदार संगठन के अध्यक्ष द्वारा एक बैठक बुलाई गई, जिसमें कुछ ठेकेदारों की मौजूदगी में पत्रकारों को भी बुलाया गया।

इस बैठक में पत्रकारों पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया कि वे केवल वही खबर प्रकाशित करें, जिसे ठेकेदार संघ अध्यक्ष की सहमति प्राप्त हो। साथ ही यह भी कहा गया कि पत्रकार अपनी ग्राउंड रिपोर्ट पहले संघ अध्यक्ष को दिखाएं। यह कदम पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर सीधा हमला माना जा रहा है।मामला यहीं नहीं रुका। सोमवार सुबह जब पत्रकार सिंचाई विभाग में चल रहे कार्यों में अनियमितताओं को लेकर अपना पक्ष जानने के लिए सिंचाई उपखंड पुरोला में सहायक अभियंता से मिलने पहुंचे, तभी ठेकेदार संघ अध्यक्ष बद्री प्रसाद वहां आ धमका। आरोप है कि उसने कार्यालय के अंदर ही पत्रकारों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

## राशन कार्ड धारक अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण करें

**नई टिहरी**- जिला पूर्ति अधिकारी मनोज डोभाल ने बताया कि मुख्यालय से प्राप्त निदेशों के क्रम में राशन कार्ड धारकों को माह फरवरी 2026 के खाद्यान्न वितरण कीअवधि दिनांक 31 मार्च 2026 तक विस्तारित कर दी गयी है,साथ ही माह मार्च 2026 के खाद्यान्न वितरण की अवधि दिनांक 31 मार्च 2026 तक रहेगी। जनपद के कार्ड धारक सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकान से माह फरवरी, 2026 एवं माह मार्च 2026 का खाद्यान्न दिनांक 31 मार्च 2026 तक बॉयोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन के माध्यम से अवश्य प्राप्त करलें। साथ ही खाद्यान्न का कोटा प्राप्त करते समय अपने सरक. ारी सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकान पर स्थापित ई - पॉस मशीन के माध्यम से अनिवार्य रूप से ई केवाईसी की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण करने का कष्ट करें।

# केदारघाटी में गुलदार का आतंक शेरसी में दो गायों को बनाया शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारघाटी क्षेत्र में गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार देर रात शेरसी गांव में गुलदार ने गोशाला में बंधी दो गायों को मार डाला, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों बढ़ते जा रहे हैं।



बताया जा रहा है कि शेरसी गांव के कुलैथा तोक निवासी रामप्रसाद सेमवाल की गौशाला में देर रात गुलदार घुस आया और वहां बंधी दो गायों को अपना शिकार बना लिया। सोमवार सुबह जब रामप्रसाद गोशाला पहुंचे, तो दोनों गायों को मृत अवस्था में देख उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। गौरतलब है कि इससे पहले शुक्रवार को त्रियुगीनारायण क्षेत्र में भी गुलदार के हमले की घटना सामने आई थी। लगातार दो घटनाओं के बाद केदारघाटी के ग्रामीणों में भय का माहौल है और लोग अपने पशुधन व परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

ग्राम सरपंच मोहन नौटियाल ने कहा कि क्षेत्र में गुलदार का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे ग्रामीण दहशत में हैं। उन्होंने वन विभाग से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाई जाए, गुलदार को जल्द से जल्द पकड़ा जाए और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। वहीं गुप्तकाशी के वन क्षेत्राधिकारी शंकर सिंह रावत ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई थी और घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में लगातार गश्त की जा रही है और गुलदार को पकड़ने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

केदारघाटी में बीते कुछ दिनों में गुलदार के हमलों की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। इससे न केवल पशुधन को नुकसान हो रहा है, बल्कि ग्रामीणों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से ठोस और त्वरित कार्रवाई की मांग की है, ताकि इस आतंक पर जल्द काबू पाया जा सके।

**एक नजर .......**

## सरकारी गाड़ियों का दुरुपयोग कर रहे हैं थराली तहसील में तैनात कुछ वाहन चालक



**थराली।** थराली क्षेत्र में इन दिनों सरकारी नंबर प्लेट वाली गाड़ियों का किस तरीके से निजी कार्य में उपयोग किया जा रहा है. यह एक सोचनीय विषय है. मामला थराली तहसील में मौजूद प्रशासन की गाड़ी का है.जो सड़क किनारे आड़े तिरछे खड़े कर जाम जैसी स्थिति बन जाती है.निजी कार्य के लिए किसी न किसी तरीके का बहाना ढूंढ कर गाड़ी तहसील मुख्यालय से चला कर अपने निजी कार्यों में प्रयोग कर रहे हैं. मुख्य बाजार में इन दिनों जाम की स्थिति से निजात दिलाने के लिए पुलिस, पीआरडी एवं होमगार्ड के जवान तैनात रहते हैं. ट्रैफिक सुव्यवस्थित तरीके से चलता रहे. लेकिन सवाल तब खड़ा होता है.जब सरकारी गाड़ी को मुख्य बाजार में खड़ा कर निजी कार्य के लिए बैंक में चला जाता है चालक . और एक घंटे तक वाहन चालक गलत साइड सरकारी गाडी को खड़ा रखता है.लेकिन वर्दी में तैनात कोई भी जवान यह कहने की हिमा. कत नहीं कर पाया कि ट्रैफिक व्यवस्था बाधित हो रही है.यह गाड़ी यहां से आगे बढ़ाई जाए. इस मामले पर थराली उपजिलाधिकारी पंकज भट्ट ने कहा कि थराली तहसील में तैनात कोई भी वाहन चालक निजी कार्य के लिए सरकारी गाड़ी का उपयोग नहीं कर सकता है. अगर करते हुए कोई मामले संज्ञान में आता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

## तीन दिवसीय देवी पाठ का समापन्न

**श्रीनगर।** चौत्र नवरात्रि के अवसर पर श्रीकोट स्थित काल भैरव मंदिर में तीन दिवसीय मां भगवती के पाठ का समापन् हुआ। इस मौके पर देवप्रयाग संगम से देवी-देवाताओं का स्नान करवाकर कलश यात्रा निक. ाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी। अनुष्ठान में काल भैरव और मां भगवती से मानव कल्याण और देश के सुख: समृद्धि की कामना की गई। और इस मौके पर आयोजक चंद्रप्रकाश, हरिभजन शाह, दिनेश वंद्र, जगदीश चंद्र, सिकंदर कुमार, कुसुमलता शाह, अमित शाह, सुमन, कुसुम सहित आदि मौजूद थे।

## डायट चड़ीगाँव में व्यायाम शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**श्रीनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चड़ीगाँव में जनपद के व्यायाम शिक्षकों के लिए पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य खेम सिंह तोमर ने कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ करते हुए विद्यालयी शिक्षा में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल विद्यार्थियों के शारीरिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास में भी अहम योगदान देते हैं। कहा कि प्रदेश के शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत के संदेश के अनुसार भी विद्यालयों में खेल गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। मंत्री द्वारा यह लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि राज्य की खेल प्रतियोगिताएं राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च स्थान प्राप्त करें। बताया कि इस दिशा में मंत्री द्वारा जनपद के व्यायाम शिक्षकों के साथ संवाद स्थापित करने का भी संकल्प लिया गया है, जिससे राज्य खेलों के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल कर सके। उन्होंने सभी शिक्षकों से प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाने और विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रेरित करने का आह्वान किया। गढ़वाल विवि के शिक्षा संकाय के डॉ. नवानी ने नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान नोडल अधिकारी जगमोहन सिंह कठैत ने पाँच दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। वहीं मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉ. दयाकिशोर बिंजोला, राजीव कंडवाल, डॉ. जोत सिंह राणा, रंजीत कंडवाल, डॉ. सतीश सिंह कंडारी, रेनू एवं अनुजा मैथानी सहित अन्य विशेषज्ञों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## पुलिस टीम पर हमले के मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**कोटद्वार ।** विगत 21 मार्च को रात्रि गश्त के दौरान पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि आम पड़ाव क्षेत्र में कुछ युवक सड़क पर डीजे लगाकर तेज शोर-शराबा कर रहे हैं, जिससे आमजन को असुविधा हो रही है। इस सूचना पर जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवकों को समझाने का प्रयास किया गया। इस दौरान दो युवक मोहम्मद शाहिद एवं मोहम्मद आकिब उर्फ गबरू पुलिस टीम के साथ वाद-विवाद करते हुए अभद्र व्यवहार करने लगे तथा आक्रामक रुख अपनाते हुए पुलिस टीम पर हमला कर दिया, साथ ही इस दौरान उनके द्वारा सरकारी वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए मौके पर मोहम्मद शाहिद को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका भाई मोहम्मद आकिब उर्फ गबरू अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया था। घटना के संबंध में कोतवाली कोटद्वार पर विभिन्न धाराओं में एवं धारा 03 उत्तराखण्ड लोक सम्पत्ति निवारण अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार दबिश दी गई एवं संभावित स्थानों पर तलाश की गई, जिसके परिणामस्वरूप मोहम्मद आकिब उर्फ गबरू को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस टीम द्वारा न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# देवलगढ़ के प्राचीन सोम का माण्डा का सुरक्षा पुश्ता ढहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड खिर्सू के देवलगढ़ स्थित सिद्धपीठ राजराजेश्वरी मंदिर के समीप प्राचीन ऐतिहासिक धरोहर सोम का माण्डा एक बार फिर उपेक्षा और प्राकृतिक आपदा के चलते संकट में आ गई है। बीते चार दिन पूर्व हुई भारी वर्षा के कारण स्मारक के पूर्वी छोर का सुरक्षा पुश्ता अचानक ध्वस्त हो गया, जिससे इस अद्वितीय विरासत के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। सिद्धपीठ राजराज. ेश्वरी मंदिर के पुजारी कुंजिका प्रसाद उनियाल ने बताया कि गढ़वाल नरेशों के प्राचीन न्यायालय के रूप में विख्यात सोम का माण्डा अपनी विशिष्ट स्थापत्य शैली और ऐतिहासिक महत्व के कारण उत्तराखण्ड की अमूल्य धरोहरों में गिना जाता है। विशाल तराशे गए शिलाखंडों से निर्मित यह दो मंजिला स्मारक उस दौर की उन्नत निर्माण कला का उत्कृष्ट उदाहरण है। बताया कि कहा जाता है कि इसका निर्माण सोमपाल नामक सिपहसालार द्वारा कराया गया था, जिनके नाम पर ही इस स्थल का नाम सोम का माण्डा पड़ा। बताया कि स्मारक की ऊपरी मंजिल से तत्कालीन राजा न्याय करते थे, जबकि निचले हिस्से में कैदियों को रखा जाता था। इसकी दीवारों पर उकेरी गई कूट लिपि और चित्र आज भी रहस्य बने हुए हैं, जिन्हें पढ़ पाना पुरातत्वविदों के लिए चुनौती बना हुआ है। देवलगढ़ स्थित यह स्मारक न केवल ऐतिहा. सिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यटन के लिहाज से भी आकर्षण का केंद्र है, जहां हर वर्ष बड़ी संख्या में पर्यटक और शोधकर्ता पहुंचते हैं।



बताया कि वर्तमान में पुश्ता ध्वस्त होने के कारण स्मारक की नींव कमजोर पड़ने लगी है। यदि समय रहते सुरक्षात्मक एवं सुदृढ़ीकरण कार्य नहीं किया गया, तो यह धरोहर गंभीर क्षति का शिकार हो सकती है। उन्होने क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी पौड़ी से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग करते हुए स्मारक के पुश्ते के पुनर्निर्माण, जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा पूरे ढांचे के सुदृढ़ीकरण करने की मांग की है।

## दो दिवसीय नेतृत्व कार्यशाला का शुभारम्भ

**कोटद्वार ।** जिला उद्योग केन्द्र द्वारा आयोजित दो दिवसीय उद्यमिता नेतृत्व कार्यशाला का शुभारम्भ सोमवार को किया गया। कार्यशाला में उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए युवाओं एवं उद्यमियों को स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्र. बंधक, जिला उद्योग केन्द्र द्वारा की गयी। कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा प्रोजेक्ट स्थापना, भूमि संबंधी प्रक्रियाएं, मैप अप्रूवल, वित्तीय प्रबंधन एवं वित्तीय साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गयी। बैंक एवं विभागीय अधिकारियों ने प्रतिभागियों को उद्योग स्थापना से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए योजनाओं की जानकारी भी साझा की। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने अनुभव भी साझा किए।

# बीएलओ और सुपरवाइजर्स को दिया प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** उत्तराखंड में अगले माह से शुरू होने वाली विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

इसी क्रम में उपजिलाधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी थराली पंकज भट्ट ने 05 विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तहसील थराली में सभी बीएलओ और सुपरवाइजर्स को प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचन संबंधी कार्यों को सही और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपजिलाधिकारी पंकज भट्ट ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची को अद्यतन करना बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी अधिकारी व कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ कार्य करें।इस दौरान रजिस्ट्रार कानूनगो अशोक नौटियाल, बीएलओ सुपरवाइजर्स सतीश चंद्र, रोबिट सिद्दीकी, अचला ध्यानी, मनीष सिंह सहित बीएलओ पूजा रजवार, सोनिया देवराड़ी, अनीता देवी , बसंती बिष्ट, नीलम पुरोहित, दिनेश कुमार, और भुवन चंद्र आदि उपस्थित रहे।

## जन-जन की सरकार, चार साल बेमिसाल कार्यक्रम आयोजित

# सरकार ने अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को उतारा धरातल पर : कौशिक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'जन-जन की सरकार, चार साल बेमिसाल' कार्यक्रम का आयोजन ऋषिकुल आयुर्वेदिक महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का संबोधन वर्चुअल माध्यम से सुना, जिसमें उन्होंने सरकार के चार वर्षों के कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी दी। इस अवसर पर मदन कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में सरकार ने अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा है, जिनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि युवाओं को रोजगार, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और लघु व बड़े उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित की गई हैं। साथ ही 2027 के कुंभ मेले को भव्य बनाने के लिए भी तैयारियां की जा रही हैं।



मेयर किरण जैसल ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल रहे हैं और वे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी भागीदारी निभा रही हैं। राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल ने भी सरकार के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता वितरित की गई। सहकारिता विभाग द्वारा 50 लाभार्थियों को ऋण के चेक दिए गए, वहीं महिला समूहों को स्वरोजगार के लिए मुद्रा लोन वितरित किए गए। बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं को महालक्ष्मी किट और समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए। इसके अलावा, विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल लगाए गए तथा छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन नरेश चौधरी ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा ,मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आर के सिंह, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विकास तिवारी, एसीएमओ डॉ अनिल कुमार वर्मा, सहायक परियोजना निर्देशक नलिनीत घिल्डियाल, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी मीरा रावत, जिला अर्थ संख्या आधिकारी नलिनी ध्यानी, जिला परियोजना प्रबंधक संजय सक्सेना, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सरिता पंवार, जिला क्रीड़ा अधिकारी शबाली गुरांग सहित सभी जिलास्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी, जनसमूह, विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राएं, शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# एसएसपी से की दो उपनिरीक्षकों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** बागपत निवासी निश्चय राणा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर गंग नहर थाने में तैनात रहे दो उपनिरीक्षकों पर मुकद्मा दर्ज करने की मांग की है। प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान निश्चय राणा ने बताया कि वर्ष 2012 में बागपत में कुछ लोगों ने उनके पिता की हत्या कर दी थी। उन्होंने केस की मजबूती से पैरवी की। जिसके चलते पांच लोगों को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जबकि दो आरोपी अभी फरार हैं। निश्चय राणा ने बताया कि केस की पैरवी करने के कारण उन पर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड सहित अलग-अलग राज्यों में कई मुकद्मे दर्ज कराए गए। जो कि जांच में झूठे पाए गए। उन्होंने बताया कि कुछ समय पूर्व उन पर रानीपुर कोतवाली में सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया गया था। लेकिन पुलिस की जांच में वह मुकदमा फर्जी निकला। इसके बाद 2023 में उनके छोटे भाई निवेश राणा के खिलाफ रूड़की के गंगनहर थाने में मुकद्मा दर्ज कराया गया।




निश्चय राणा ने मुकदमें की जांच कर रहे दो उपनिरीक्षकों पर केस बंद करने के नाम पर उनसे बड़ी रकम लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि शिकायत करने पर दोनो पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया था। निश्चय राणा ने बताया कि उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर दोनों पुलिसकर्मियों पर भ्रष्टाचार का केस दर्ज करने और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उन्हें कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# कैबिनेट मंत्री बनने पर मदन कौशिक का भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** खन्ना नगर स्थित निजी कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी और मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। स्वागत कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा पिछड़ा वर्ग के सदस्य सज्जाद गौड़ ने कहा कि मदन कौशिक को कैबिनेट मंत्री की जिम्मेदारी मिलने से हरिद्वार के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। उनके अनुभव का लाभ पूरे क्षेत्र को मिलेगा। अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी शहनवाज सलमानी ने कहा कि मदन कौशिक जमीन से जुड़े नेता हैं। उन्हें दोबारा यह बड़ी जिम्मेदारी



मिलने से निश्चित रूप से पार्टी और संगठन की ताकत बढ़ी है। वहीं, पूर्व जिला उपाध्यक्ष गुलाम साबिर ने विश्वास जताया कि मदन कौशिक के मंत्री बनने से प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिलेगी और संगठन और अधिक मजबूत होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से सज्जाद गौड़, शहनवाज सलमानी, नौशाद अहमद, गुलाम साबिर, खलील सलमानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सनातन धर्म का महत्वपूर्ण पर्व हैं नवरात्र : रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि नवरात्र आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त करने का अवसर हैं। निरंजनी अखाड़े में नवरात्र आराधना के दौरान श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि शक्ति और देवी के नौ स्वरूपों की पूजा आराधना को समर्पित नवरात्र सनातन धर्म का महत्वपूर्ण पर्व है। सनानत संस्कृति में देवी को ऊर्जा का स्रोत माना गया है। नवरात्र उपासना से आंतरिक ऊर्जा जागृत होती है। जिससे जीवन में सकारात्मकता आती है। उन्होंने कहा कि नवरात्र साधना आध्यात्मिक उन्नति का भी अवसर हैं। नवरात्रों की गयी देवी दुर्गा की आराधना का भौतिक जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के दौरान प्रकृति में एक विशिष्ट ऊर्जा होती है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शहीद दिवस के अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह चौक पर शहीद सरदार भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज सैनी ने कहा कि देश को आजाद कराने के संघर्ष में जुटे भारत माता के तीन वीर सपूतों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने आज ही दिन हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया था। उन्होंने कहा कि सभी को वीर शहीदों की शहादत से प्रेरणा लेनी चाहिए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोम त्यागी और संजय सैनी ने कहा कि भगत सिंह केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे। उन्होंने कहा कि शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए आज देश को कांग्रेस की जरूरत है। ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव और ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा ने कहा कि शहीदों के बलिदान से मिली स्वतंत्रता बहुत कीमती है। स्वतंत्रता को सहेज कर रखें और देश सेवा में योगदान दें। युवा नेता सागर बेनीवाल और निखिल सौदाई ने कहा कि भगत सिंह का मानना था कि इंकलाब जिंदाबाद केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जो देश को गुलामी से मुक्त कर सकती है। उनका साहस और बलिदान हमेशा अमर रहेगा। श्रद्धांजलि देने वालों में अशोक शर्मा, पार्षद सुनील कुमार, सुरेन्द्र ठाकुर, तेलूराम प्रधान, अनंत पांडेय, तीर्थ भाटिया, चन्दन शर्मा, तीर्थपाल रवि, सीपी सिंह, सरिता शर्मा, जावेद आलम, कमल सैनी, शुभम् रावत, दीपक कोरी, विमला राठौर, सतेंद्र वर्मा, अजय राठौर, राजीव जोशी, सोनू सैनी, सोनू गुंसाई, संजय पांडेय, शिवम बाल्मीकि, अधिवक्ता इरशाद खान, सलीम खान, जगदीश असवाल, आमिर सिद्दकी, असीम खान, अवनीश राठौर, विक्रम सिंह, मोहन राणा, महेश प्रताप राणा, राजबीर सैनी, हरद्वारी लाल, आरिफ पीरजी, हिमांशु, आशु, अजय राठौर, आनंद यादव, आकाश कश्यप, दीपिका गुप्ता, अमित गुप्ता, आकाश, मनोज, दीपक गौतम, विशाल शर्मा, मनोज शेखावत, परमाल सिंह, नईम खान, विशाल गुप्ता, सोमपाल सैनी, दीपांशु राठौर, रामसेवक राठौर आदि नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।



# आश्रम को खुर्दबुर्द करने का आरोप लगाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भूपतवाला निवासी स्वामी गोपालाचार्य ने आश्रम को खुर्दबुर्द करने का आरोप लगाया है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए स्वामी गोपालाचार्य ने आरोप लगाया कि आश्रम और मंदिर से मूर्ति हटाकर जिम का संचालन किया जा रहा है। स्वामी गोपालाचार्य ने बताया कि उनके गुरू ब्रह्मलीन स्वामी मधुसूदनाचार्य ने श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर राजीव नयन आनंद आश्रम का निर्माण किया था। गुरूदेव के ब्रह्मलीन होने के बाद कुछ लोगों ने आश्रम और मंदिर से मूर्तियां हटा दी हैं और जिम का संचालन कर रहे हैं। पूजा पाठ के कार्यो को भी बाधित किया जा रहा है। उन्होंने प्रबंधक एवं ट्रस्टीयों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि आश्रम और मंदिर की संपत्ति को बेचने की तैयारी की जा रही है। स्वामी गोपालाचार्य ने कहा कि इस संबंध में जिलाधिकारी से भी शिकायत की गयी है। प्रशासन को पूरे मामले की जांच कर उचित कार्यवाही करनी चाहिए। स्वामी गोपालाचार्य ने कहा कि आश्रम और मंदिर को बचाने के लिए वे संघर्ष करते रहेंगे।




## राष्ट्रीय इंटर कॉलेज रोहालकी बहादराबाद के कनिष्ठ सहायक के बाद

# प्रधानाचार्य पर भी गिरी गाज, गमन के आरोप के चलते हुए सस्पेंड

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सतपाल सिंह को निलंबित कर दिया गया हैं। विद्यालय की शुल्क सम्बंधित दस्तावेजो में फर्जी हस्ताक्षर करने व शुल्क सम्बंधित प्राप्त धन राशि के गमन के चलते विभागीय कार्यवाही हेतु जांच की संस्तुति की गई हैं। एक के बाद एक प्रबंध समिति द्वारा सर्व सम्मति से लिए गए निर्णय के बाद कि गयी कार्यवाही से विद्यालय प्रबंधन में हड़कंप मच गया हैं। प्रबंध समिति ने निर्देश दिए है कि निलंबन के दौरान प्रधानचार्य विद्यालय परिसर के कक्ष संख्या 4 में बैठेंगे इस दौरान विद्यालय के किसी दस्तावेज के साथ छेड़छाड़ नहीं करेंगे इसके अलावा उन्हें इस अवधि के दौरान जीवन निर्वाह भत्ता जारी रहेगा। प्रधानचार्य के निलम्बन में निर्देशित किया गया है की तत्काल प्रभाव से अपना प्रशासनिक व वित्तीय चार्ज श्रीमती आशा चौहान प्रवक्ता रसायन विज्ञान को शॉप दे। अध्यक्ष राष्ट्रीय इंटर कॉलेज ने पत्र जारी कर निर्देशक माध्यमिक शिक्षा उत्तराखंड सरकार, अपर निर्देशक माध्यमिक शिक्षा पौड़ी गढ़वाल, प्रबंधक राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, प्रधानाचार्य और वरिष्ठ लिपिक को पत्र प्रेषित किया गया हैं। इस्से पूर्व प्रबंध समिति ने कनिष्ट लिपिक अमन सैनी को भी निलंबित किया गया है।




# अखाड़ा परिषद के पदाधिकारियों से मिले अखिल भारत हिन्दू महासभा के अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.मुन्ना कुमार शर्मा ने अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत स्वामी रविंद्रपुरी व अखाड़ा परिषद के अन्य पदाधिकारियों से मुलाकात कर आगामी कुंभ मेले के आयोजन, संतों की सुरक्षा व सम्मान, सनातन धर्म और सनातन परंपरा के संरक्षण-संवर्धन पर चर्चा की। डा. शर्मा ने अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी से आध्यात्मिक चर्चा करते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि अखिल भारत हिन्दू महासभा द्वारा अखाड़ा परिषद के हिन्दू संतों एवं हिन्दू समाज के हित में किए जाने वाले सभी कार्यों एवं अभियानों में पूर्ण सहयोग किया जाएगा। उन्होंने भारत को सनातन हिन्दू राष्ट्र घोषित कराने और गौमाता की रक्षा के लिए मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने डा. मुन्ना शर्मा को मां मनसा देवी का चित्र भेंटकर और मां की चुनरी ओढ़कार सम्मानित किया। इस अवसर पर पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरि, हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी सहजानंद पुरी, महासभा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष संजीव सिंह राणा मौजूद रहे।



# शहीद दिवस पर राजकमल कॉलेज में रक्तदान शिविर, 65 यूनिट रक्त संग्रह

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** शहीद दिवस के अवसर पर राजकमल साइंस एंड मैनेजमेंट कॉलेज में शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के बलिदान दिवस पर छठवें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कॉलेज एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में हुआ, जिसमें 65 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक आदेश चौहान सहित अन्य अतिथियों ने शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा रक्तदान जागरूकता हेतु पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई गई। विधायक आदेश चौहान ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और इससे जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। वहीं डॉ. संजय चतुर्वेदी ने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए रक्तदान जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है। डॉ. सुनील कुमार बत्रा ने रक्तदान को मानव सेवा का सर्वोत्तम कार्य बताया। कार्यक्रम में अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस रक्तदान शिविर कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंध समिति सदस्य दुष्यंत प्रताप, नितिन चौहान व प्राचार्य डा. राघवेंद्र चौहान, विद्यार्थी कार्य विभाग प्रमुख रोहित चौहान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अमित चौहान प्रबंधक मां सरस्वती स्कूल, डॉ. विजय कुमार प्राचार्य धनौरी पी.जी. कॉलेज, राजवीर चौहान श्रमिक नेता, डॉ. अरविंद कुमार तोमर, डॉ. विपिन शर्मा फार्मेसी विभाग, प्रो. डॉ. मुकेश कुमार गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, चमन चौहान जिला पंचायत सदस्य, वीर प्रताप सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मा. कुवरपाल सिंह, मा. यशपाल सिंह, सोम सिंह चौहान, नरेंद्र चौहान, अशोक शर्मा, भारत भूषण, डा. दीपमाला कौशिक, डा. मुकेश गुप्ता, प्रो. डॉ. सत्येंद्र कुमार, प्रो. सतीश चंद्र पंत, डॉ. संजय महेश्वरी, के. एन. पांडे, वरिष्ठ प्रबंधक, पीएनबी, राणा नंदलाल, आदि व प्रवक्तागण तथा स्टाफ सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# फर्जी जमानत लेने वाले चार पेशेवर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र स्थित रोशनाबाद के जिला एवं सत्र न्यायालय में फर्जी जमानत का बड़ा मामला सामने आया है। कोर्ट में अलग-अलग अभियुक्तों की जमानत लेने पहुंचे चार कथित पेशेवर जमानतियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिडकुल थानअध्यक्ष नितेश शर्मा ने बताया कि सीजेएम न्यायालय में "सरकार बनाम रोशन लाल प्रकरण की सुनवाई के दौरान चार व्यक्ति अभियुक्तों की जमानत के लिए प्रस्तुत हुए। इनमें मुकेश कुमार उर्फ मोनू की ओर से उज्ज्वल सिंह, रोशन लाल की ओर से नरेश प्रताप बहुगुणा और नरेश पुत्र चंद्रमण, जबकि राजेश कुमार की ओर से कमलेश जमानती के रूप में कोर्ट पहुंचे थे। सुनवाई के दौरान न्यायालय के समक्ष संदेह होने पर रिकॉर्ड की जांच कराई गई। जांच में सामने आया कि ये सभी व्यक्ति विभिन्न मामलों में एक ही समय पर अलग-अलग अदालतों में जमानत लेते रहे हैं। इसके बावजूद इन्होंने अपने शपथपत्र में पूर्व में ली गई जमानतों का कोई उल्लेख नहीं किया था। न्यायालय ने इसे गंभीर मानते हुए झूठा शपथपत्र देकर अदालत को गुमराह करने का मामला माना। इसके बाद थाना सिडकुल पुलिस ने कमलेश, उज्ज्वल सिंह, नरेश समेत अन्य के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## वंदना कटारिया के चचेरे भाई प्रॉपर्टी डीलर से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया के चचेरे भाई व प्रॉपर्टी डीलर के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, रोशनाबाद निवासी राजबीर कटारिया ने दी गई शिकायत में बताया कि 22 मार्च को वह किसी कार्य से जा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही जोगेंद्र कटारिया ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि पूर्व में आरोपी के खिलाफ सिडकुल थाने में रंगदारी का मुकदमा दर्ज कराया गया था, जिसके चलते वह रंजिश रखता आ रहा है। थानाध्यक्ष सिडकुल नितेश शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही

## राजीव शर्मा ने किया कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक का स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जगजीतपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर नगर पालिका शिवालिक नगर के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक का स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। राजीव शर्मा ने कहा कि मदन कौशिक के लंबे राजनीतिक और प्रशासनिक अनुभव का लाभ प्रदेश की जनता को मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी विकास तिवारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर सुशील चौहान भी मौजूद रहे।

**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मैंने अपने पुत्र गौतम कुमार व पुत्रवधू कविता को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में इन दोनों के किसी भी कृत्य व लेन-देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। ललित कुमार पुत्र धाम सिंह, निवासी ग्राम आन्नेकी थाना सिडकुल, जिला हरिद्वार।

**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मैंने अपने पुत्र अरूण को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसकी किसी भी कृत्य व लेन-देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। विजयपाल पुत्र नैन सिंह, निवासी ग्राम आन्नेकी, थाना सिडकुल, तहसील व जिला हरिद्वार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, लाखों का सामान जलकर हुआ राख

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव धारीवाला निवासी अनिल धीमान के घर में शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना रविवार शाम करीब 7:45 बजे की बताई जा रही है। आग लगने से पूरे घर का सामान नष्ट हो गया और परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

परिजनों के अनुसार, अनिल धीमान अपनी पत्नी के साथ घर पर ताला लगाकर गांव में घेर पर गाय का दूध निकालने गए थे। इसी दौरान रात करीब 8 बजे ग्रामीणों ने उनके घर में आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही पीड़ित के भाई विनोद धीमान ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद थाना पथरी की फेरूपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।



सूचना मिलते ही गांव के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। आग इतनी भयंकर थी कि कोई भी घर के पास जाने की हिम्मत नहीं कर पा रहा था। ग्रामीणों में डॉ. सोनू, अशोक, मनोज, अंशुल, विनोद सहित कई लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए हैंडपंप और टुल्लू पंप की मदद से कड़ी मशक्कत कर आग पर काफी हद तक काबू पाया। इसी बीच अग्निशमन विभाग को भी सूचना दी गई। लक्सर से दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर पूरी तरह काबू पाया गया, लेकिन तब तक घर का अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। आग की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि घर में लगे पंखे तक पिघलकर नीचे गिर गए थे।

आग बुझने के बाद परिवार ने घर का निरीक्षण किया तो कपड़े, टीवी, फ्रिज, दो डबल बेड, सोफा सेट, अलमारी में रखी करीब 75 हजार रुपये की नगदी और सोना-चांदी के जेवरात सहित लगभग सारा सामान जल चुका था। पीड़ित अनिल धीमान ने बताया कि आग लगने से करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है और घर में कोई सामान नहीं बचा है। उन्होंने शासन-प्रशासन से आर्थिक सहायता और मुआवजा देने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से पीड़ित परिवार को जल्द राहत और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# 8.35 ग्राम स्मैक के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पुलिस ने ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के अंतर्गत नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान में एक नशा तस्कर को 08.35 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस के अनुसार रविवार देर शाम को ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के अंतर्गत चलाए गए चौकिंग अभियान को सफल बनाने के लिए पथरी थानाध्यक्ष ने फेरुपुर चौकी प्रभारी नवीन कुमार, कांस्टेबल रविंद्र कुमार, वीरेन्द्र, के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया जिसमें दौराने चौकिंग के एक व्यक्ति को गन्ना तोल केंद्र के पास से गिरफ्तार किया गया। तलासी लेने पर व्यक्ति के पास से लगभग 08.35 ग्राम स्मैक बरामद हुआ पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शौकीन उर्फ सुक्का 32वर्ष पुत्र कासिम लाल निवासी धनपुरा बताया आरोपी स्मैक बेचने का काम करता है। और स्मैक के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया एक व्यक्ति को लगभग 08.35 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है।

# चकराता में एलपीजी आपूर्ति ठप उपभोक्ता परेशान, रसोई संकट गहराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** पहाड़ी क्षेत्र चकराता एवं इसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई है। गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं को बार-बार बाजार के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। कई जगहों पर बुकिंग की प्रक्रिया भी बाधित बताई जा रही है, जिससे आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार वर्तमान व्यवस्था में गैस सिलेंडर की बुकिंग लगभग 45 दिन के अंतराल के बाद ही संभव हो पा रही है। ऐसे में इतने लंबे समय तक रसोई संचालन करना लोगों के लिए चुनौती बन गया है। स्थिति यह है कि कई परिवार एक बार फिर पारंपरिक लकड़ी के चूल्हों की ओर लौटने को मजबूर हो गए हैं, जबकि उज्ज्वला योजना के बाद अधिकांश घरों में एलपीजी पर निर्भरता बढ़ गई थी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि गैस की अनुपलब्धता के कारण दैनिक जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द आपूर्ति व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। लोगों का यह भी कहना है कि चकराता क्षेत्र में स्थायी गैस एजेंसी का अभाव लंबे समय से बना हुआ है। वर्तमान में गैस एजेंसी शेरपुर (पछुआदून) से संचालित की जा रही है, जिससे दूरदराज के ग्रामीणों को अतिरिक्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। चकराता को ग्रामीण श्रेणी में रखे जाने से आपूर्ति व्यवस्था और अधिक प्रभावित हुई है।

इधर, चकराता बाजार के होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कमी के चलते कई प्रतिष्ठानों के संचालन पर संकट मंडरा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि यदि जल्द ही आपूर्ति सामान्य नहीं हुई, तो उन्हें अपने प्रतिष्ठान बंद करने पड़ सकते हैं। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी देहरादून के.के. अग्रवाल ने बताया कि चकराता को ग्रामीण श्रेणी में रखा गया है, जिसके तहत गैस आपूर्ति के लिए 45 दिन की समय-सीमा निर्धारित है। उन्होंने कहा कि वितरण व्यवस्था को सुचारू करने के लिए संबंधित एजेंसी से लगातार संपर्क किया जा रहा है।

वहीं, श्री बालाजी शेरपुर इंडेन गैस एजेंसी के संचालक रणवीर सिंह ने बताया कि वर्तमान में आपूर्ति ग्रामीण नियमों के तहत निर्धारित अंतराल पर ही हो रही है। उन्होंने कहा कि जैसे ही गैस उपलब्ध होगी, उसे प्राथमिकता के आधार पर उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही, कमर्शियल गैस के संबंध में उन्होंने बताया कि फिलहाल केवल अस्पतालों और स्कूलों के लिए ही आपूर्ति के निर्देश हैं, अन्य संस्थानों के लिए आदेश मिलने पर आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

## एक व्यक्ति दो लाख की स्मैक के साथ गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता (सहसपुर)। थाना सहसपुर पुलिस द्वारा 1 शातिर स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपी के पास से दो लाख रूपये की 6.31 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी राकिब पुत्र उम्रद्दीन निवासी रेडापुर ढाकी सहसपुर, देहरादून के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया। आरोपी के खिलाफ थाना सहसपुर में दो मुकदमें पहले से ही दर्ज हैं। पुलिस टीम में एसआई राजीव धारीवाल, अपर उप निरीक्षक अरविन्द कुमार, हेड कानि0 डबल सिंह, सिपाही राजवीर शामिल रहे। वही सहसपुर पुलिस ने एक व्यक्ति विजेंद्र सिंह पुत्र मंगता निवासी बैरागीवाला को 54 टेट्रा शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम में सिपाही विकास त्यागी व सचिन धारीवाल शामिल रहे।

# चार साल बेमिसाल, जिले में करोड़ों के विकास कार्यः चौहान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जन-जन की सरकार,चार साल बेमिसाल कार्यक्रम जिला मुख्यालय में उत्साह के साथ मनाया गया। सोमवार को जिला मुख्यालय में कार्यक्रम का शुभारंभ गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान एवं जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान ने फीता काटकर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रशान्त आर्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र चौहान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सुरेश चौहान ने अपने संबोधन में राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए गंगोत्री विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा को सुव्यवस्थित बनाने के लिए उत्तरकाशी में 6 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से आधुनिक बस अड्डे का निर्माण कराया गया है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान एवं भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र चौहान ने भी संबोधित करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख भटवाड़ी ममता पंवार,गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल,चंदन सिंह पंवार,कुशाल नेगी,बालशेखर नौटियाल,अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र,एसडीएम शालिनी नेगी,परियोजना निदेशक अजय सिंह,जिला विकास अधिकारी रमेशचंद्र आर्य, महाप्र. बंधक उद्योग शैली डबराल,पर्यावरण विशेषज्ञ स्वजल प्रताप मटूड़ा,सहायक समाज कल्याण अधिकारी सुधीर जोशी सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रति. निधिगण उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री बनने पर खजान दास को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता/सहिया।** राजपुर विधायक एवं कैबिनेट मंत्री खजान दास को मंत्री पद मिलने पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर भाजपा नेता बचना शर्मा सहित कार्यकर्ताओं ने उनके निजी आवास पहुंचकर उन्हें पुष्प भेंट कर बधाई दी।भाजपा वरिष्ठ नेत्री बचना शर्मा (लाखामंडल) के नेतृत्व में कार्यकर्ताओंकृनवीन कुमार उत्तराखंडी और पूर्व युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी ओम प्रकाशकृने मंत्री खजान दास का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस दौरान बचना शर्मा ने कहा कि खजान दास के नेतृत्व में पार्टी आगामी 2027 के चुनावों में पुनः विजय हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं में उनके नेतृत्व को लेकर पूरा विश्वास और उत्साह है। वहीं, कैबिनेट मंत्री खजान दास ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

## एनएसएस शिविर के छठे दिन स्वास्थ्य जागरूकता व सेवा कार्यों का आयोजन

**लैंसडाउन ।** भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जयहरीखाल के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों ने सेवा एवं जागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया।कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जयहरीखाल का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान उन्हें सबसे पहले ब्लड ग्रुप जांच की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित चिकित्सकों, डॉ दीप्ति जखवाल एवं डॉ भारती राय ने स्वास्थ्य के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली को समझाने हेतु फार्मासिस्ट रुचिन माहेश्वरी, राहुल शर्मा ऑफिसर, स्कूल हेल्थ एवं लैब टेक्नीशियन आकाश नेगी ने अस्पताल के विभिन्न विभागों एवं प्रयोगशाला का भ्रमण कराया।

# पलायन रोकने और स्वरोजगार बढ़ाने पर कार्यशाला, रोज की तरह हो रोजगार का संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।**गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा जनजाति सब प्लान के अंतर्गत विकासखंड कालसी में जौनसार-बावर क्षेत्र में बढ़ते पलायन को रोकने और स्वरोजगार के अवसर विकसित करने को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बुद्धिजीवी वर्ग, क्षेत्रीय प्रतिनिधि और जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर अपने विचार और सुझाव साझा किए।

कार्यशाला में क्षेत्रीय विधायक मुन्ना सिंह चौहान, उत्तराखण्ड पलायन आयोग के सदस्य राम प्रकाश पैन्यूली, कृषि क्षेत्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ ए.के. शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ पूजा गौड़, कार्यक्रम समन्वयक डॉ छाया शुक्ला, डॉ नीलम चौहान, डॉ प्रियंका सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सहिया महाविद्यालय के अध्यक्ष अनिल तोमर सहित स्थानीय प्रति. निधियों की भी सक्रिय भागीदारी रही। मुख्य वक्ता राम प्रकाश पैन्यूली ने कहा कि युवाओं को अपनी जड़ों और संस्कृति से जुड़े रहना चाहिए तथा केवल सरकारी नौकरियों पर निर्भर रहने के बजाय स्वयं उद्यमी बनकर दूसरों को भी रोजगार देना चाहिए।

कार्यक्रम की अतिथि वक्ता डॉ पूजा गौड़ ने युवाओं की बदलती सोच पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का युवा शिक्षित है और बेहतर जीवनशैली चाहता है। ऐसे में आवश्यक है कि रोजगार के अवसर भी आकर्षक और आधुनिक हों। उन्होंने "रोज (गुलाब) की तरह हो रोजगार" का संदेश देते हुए कहा कि रोजगार ऐसा हो जो युवाओं को आकर्षित करे और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप हो। उन्होंने बताया कि वे ग्रामीण मिशन के माध्यम से महिलाओं और युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर छोटे-छोटे उद्यम स्थापित करने में सहयोग कर रही हैं। इस अवसर पर इंदर सिंह नेगी, स्वराज सिंह चौहान सहित कई अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### विधुत विभाग ने 86 उपभोक्ताओं के काटे कनेक्शन



**विकासनगर।** अधीक्षण अभियंता युद्धवीर सिंह तोमर द्वारा विभिन्न स्थलों पर जाकर राजस्व वसूली हेतु चलाए जा रहे रेवन्यू ड्राइव की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने तथा सभी बकायेदारों से शीघ्र विद्युत बकाया वसूली करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी अरशद अली, अवर अभियंता बारू सिंह, अवर अभियंता अमित मित्तल, लाइनमैन संजय, प्रवीण, दीपक सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। उपखण्ड विकासनगर में आज 86 संयोजन विच्छेदित किये गए 16 लाख की वसूली की गयी।

### उपद्रव करने वाले 4 व्यक्ति गिरफ्तार

**सहसपुर।** थाना सहसपुर पुलिस ने शरारती तत्वों द्वारा उपद्रव करने पर 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारों व्यक्तियों के खिलाफ बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। बीती रात्रि के 8 बजे स्थानीय लोगों द्वारा सहसपुर पुलिस को सूचना दी गई है की धर्मावाला चौक पर कुछ शरारती तत्वों द्वारा उपद्रव किया जा रहा है, उक्त सूचना पर पुलिस फोर्स द्वारा मौके पर पहुंचकर देखा तो कुछ लोग रविन्द्र सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी शाहपुर कल्याणपुर पो0 धर्मावाला देहरादून के साथ साथ मारपीट कर रहे थे, मौके पर ही मारपीट करने वाले लोगों को गिरफ्तार किया गया, तथा वादी रविंद्र सिंह की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ वादी के साथ मारपीट करने,गाली गलौच व जान से मारने की धमकी देने व वादी के वाहन को क्षतिग्रस्त करने व अपने वाहन को खतरनाक तरीके से चलाना जिससे आम जनमानस के जीवन पर संकट पैदा होने के सम्बन्ध में कोतवाली सहसपुर में बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। जिन्हें कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने शरारती तत्वों से बरादम कार को एमपी एक्ट के तहत सीज कर दिया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में इकराम पुत्र अब्दुल लतीफ निवासी ग्राम धर्मवाला, विशाल गोयल पुत्र राजेश रामस्वरूप गोयल निवासी शाहपुर धर्मावाला, शाहरुख पुत्र लियाकत निवासी प्रतीतपुर, अरशद पुत्र अलाउद्दीन निवासी शामिल हैं।

### महिला एवं बाल अपराधों के प्रति संवेदनशील सहसपुर पुलिस

**सहसपुर।** 10 वर्षीय नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने वाले व्यक्ति को सहसपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार। पुलिस आरोपी के खिलाफ पोक्सो अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। सहसपुर निवासी एक महिला द्वारा कोतवाली सहसपुर पर एक शिकायती प्रार्थना पत्र अपनी नाबालिक पुत्री उम्र-10 वर्ष को घराट के अन्दर बुलाना व उसके साथ गलत काम करने के साथ दुष्कर्म करने के संबंध मे दिया गया, जिस पर तत्काल कोतवाली सहसपुर पर पोकसों अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जहां से आरोपी बलजीत पुत्र स्व. सुकला उम्र 65 साल निवासी इंद्रीपुर को जेल भेज दिया गया।

### यामाहा म्यूजिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने एआर रहमान को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**देहरादून।** ऑस्कर विजेता संगीतकार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संगीत आइकन ए.आर. रहमान ने भारतीय संगीत को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी यह प्रेरक यात्रा भारतीय प्रतिभा की वैश्विक क्षमता को दर्शाती है, जो यामाहा म्यूजिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की भारत में संगीत संस्कृति को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता से मेल खाती है। यह साझेदारी भारत के संगीत इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में कंपनी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का एक अहम मील का पत्थर साबित होगा । यामामोटो ताकेतोशी , मैनेजिंग डायरेक्टर, ने कहा,"संगीत यामाहा म्यूजिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सोच के केंद्र में है। भारत की समृद्ध संगीत विरासत को वैश्विक पहचान मिलनी चाहिए। हमारी 'मेड इन इंडिया' पहल और ए.आर. रहमान के साथ सहयोग के माध्यम से हम नई पीढ़ी के संगीतकारों को प्रेरित करना और देशभर में संरचित संगीत शिक्षा का विस्तार करना चाहते हैं।"

### रक्तदान शिविर में युवाओं का दिखा उत्साह

**उत्तरकाशी।** प्रदेश सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित जन-जन की सरकार, चार साल बेमिसालष थीम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी स्थित ब्लड बैंक में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 27 लोगों ने भविष्य में रक्तदान हेतु अपना पंजीकरण कराया और 04 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का संकल्प लिया। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.एस. रावत एवं जिला चिकित्सालय के प्रमुख अधीक्षक डॉ. पी.एस. पोखरियाल द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ. रावत ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और सरकार के इन चार वर्षों की सेवा के संकल्प को स्वास्थ्य और सेवा के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाया जा रहा है।

# ग्वांस गांव में 'आगाज कम्युनिटी लाइब्रेरी' का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** तल्लानागपुर क्षेत्र के सीमान्त ग्राम घिमतोली के ग्वांस गांव में आगाज यूथ क्लब श्रीनगर गढ़वाल के सहयोग से "आगाज कम्युनिटी लाइब्रेरी" का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

यह लाइब्रेरी क्षेत्र के सभी ग्रामीणों और नौनिहालों के लिए पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध रहेगी, जिससे दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। लाइब्रेरी में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए विभिन्न विषयों की उपयोगी पुस्तकें रखी गई हैं, जिनमें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, व्यक्तित्व विकास, सामान्य ज्ञान तथा प्रेरणादायक कहानियों से संबंधित पुस्तकें शामिल हैं।

आगाज यूथ क्लब के अध्यक्ष हरीश चन्द्र तिवारी ने कहा कि क्लब का उद्देश्य केवल पुस्तकें उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि गांवों में सकारात्मक और सीखने वाला वातावरण तैयार करना है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह छात्रों के लिए काउंसलिंग सत्र, ग्रुप डिस्कशन, पब्लिक स्पीकिंग, करियर गाइडेंस और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे बच्चों को व्यवहा. रिक ज्ञान भी मिल सके।

क्लब के सचिव धीरज सिंह नेगी ने बताया कि संगठन का लक्ष्य पूरे उत्तराखंड के प्रत्येक गांव में "आगाज कम्युनिटी लाइब्रेरी" स्थापित करना है, ताकि पहाड़ी क्षेत्रों में मजबूत शिक्षा प्रणाली विक. सित हो सके और युवाओं को अपने गांव में ही बेहतर अवसर मिलें। इस पहल के माध्यम से शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास और आत्मनिर्भरता को भी प्रोत्साहन मिलेगा।कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधान कविता देवी के प्रतिनिधि शंकर सिंह नेगी ने यूथ क्लब की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ेगी और बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्जुन सिंह नेगी ने भी इसे शिक्षा और सामाजिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री दीपक नेगी, रघुनाथ सिंह नेगी, लीगल एडवाइजर नितिन मलेठा, नव युवक मंगल दल अध्यक्ष राकेश सिंह नेगी, वीरेन्द्र सिंह नेगी, महेश सिंह नेगी, अमिता, सयन सिंह नेगी, अंजलि, पंकज सिंह नेगी, सवि, सपना, कुंवर सिंह नेगी, शारदा देवी, दिव्यांशु, जय कैलाश सिंह नेगी, आशुतोष नेगी, योगेश चंद्र, आयुष पालीवाल, सुभाष रावत, पंकज बिंदास, ऋषभ नेगी, परिधि चौधरी सहित ग्रामीण मौजूद रहें।

## शहीदों का जीवन इतिहास का हिस्सा नहीं, प्रेरणा के स्रोतःतपन

**श्रीनगर।** शहीदी दिवस के अवसर पर अखिल भारती विद्यार्थी परिषद श्रीनगर इकाई द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के दौरान अमर शहीद भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। वक्ताओं ने उनके अदम्य साहस, त्याग और बलिदान को याद करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर बतौर मुख्य वक्ता पहुंचे पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र के विद्यार्थी परिषद के सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख तपन कुमार ने कहा कि शहीदों का जीवन केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का संदेश दिया।

# भोजावाला आंगनवाड़ी केंद्र में बाल मेला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** भोजावाला आंगनवाड़ी केंद्र विकासनगर में आज बाल मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देना और उनकी शारीरिक व मानसिक विकास को बढ़ावा देना रहा।

बाल मेले के दौरान बच्चों को योग, व्यायाम और विभिन्न शैक्षिक गति. विधियों से जोड़ा गया। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं प्रशिक्षण देने वाली संस्था के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले में खेल के माध्यम से बच्चों को नई-नई चीजें सिखाई गईं, जिससे वे मनोरंजन के साथ-साथ सीख भी सकें। आयोज. कों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम हर साल आंगनवाड़ी केंद्रों पर आयोजित किए जाते हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी बेहतर शैक्षिक और रचनात्मक अवसर मिल सकें। सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न किट्स और संसाधनों के जरिए बच्चों को नई गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है, जिससे उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सके।

आंगनवाड़ी कार्यकत्री कमला देवी ने बताया कि ऐसे बाल मेले बच्चों के आत्मविश्वास और सीखने की क्षमता को बढ़ाने में बेहद सहायक साबित होते हैं। सरकार के माध्यम से बहुत मदत मिलती है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चे काफी अच्छी एक्टिविटी करते है। राम सिंह का नाम कहना है कि बच्चे खिलाने के माध्यम से बहुत जल्द सीखते हैं इनके सर्वांगीण विकास के लिए यह बहुत जरूरी है जिससे बच्चे आगे बढ़ सके। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के विकास को नई दिशा मिल रही है और अभिभावकों में भी शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

# बाबा केदार की पावन धरती छू रही विकास के नए आयामः बहुगुणा

- स्वयं सहायता समूहों को लाखों रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर स्वरोजगार को प्रोत्साहित किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद रुद्रप्रयाग में "जन-जन की सरकार-4 साल बेमिसाल" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। 25 मार्च तक चलने वाले इस राज्यव्यापी अभियान के तहत विकास योजनाओं, जनसेवा शिविरों और लाभार्थी सम्मान कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को सीधे लाभान्वित किया जा रहा है। अगस्त्यमुनि स्थित बहुउद्देशीय क्रीड़ा भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम की अध्यक्षता सौरभ बहुगुणा ने की, जबकि भरत सिंह चौधरी सहित अनेक जनप्रति. निधियों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ तथा अतिथियों का सम्मान स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने देहरादून से वर्चुअल संबोधन के जरिए प्रदेशवा. सियों को संबोधित करते हुए चार वर्षों की उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने पारदर्शी शासन, रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे के विस्तार को सरकार की प्रमुख उपलब्धियां बताया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि रुद्रप्रयाग, बाबा केदार की पावन धरती, आज विकास के नए आयाम छू रहा है। उन्होंने बताया कि समान नागरिक संहिता लागू कर उत्तराखंड ने देश में मिसाल पेश की है, वहीं नकल विरोधी कानून से युवाओं को निष्पक्ष अवसर मिला है, जिसके तहत 30 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ। उन्होंने पशुपालन क्षेत्र की 'गोट वैली योजना' का जिक्र करते हुए बताया कि 4500 से अधिक परिवारों को इससे रोजगार मिला है। साथ ही आईटीबीपी के साथ सीधा अनुबंध कर किसानों को बिना बिचौलियों के 48 घंटे में भुगतान सुनिश्चित किया गया है।

आगामी केदारनाथ यात्रा 2026 की तैयारियों को लेकर सरकार पूरी तरह सतर्क है। यात्रा मार्ग को सुरक्षित और सुगम बनाने के साथ ही घोड़ा-खच्चर संचालकों को सब्सिडी दी जा रही है। केदारनाथ धाम के लिए लगभग 4000 करोड़ की लागत से रोपवे परियोजना पर कार्य प्रगति पर है। जनपद में सड़क, पुल, सिंचाई और स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद को लगभग 300 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हुई, जिसका लगभग शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया गया।

कार्यक्रम में 58 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत सहायता सामग्री वितरित की गई। महिलाओं को टैबलेट और पशु सखियों को स्मार्टफोन देकर डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी, विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत, क्षेत्र पंचायत प्रमुख अगस्त्यमुनि भुवनेश्वरी देवी, उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग ऐश्वर्या रावत, राज्य मंत्री चंडी प्रसाद भट्ट, बीकेटीसी उपाध्यक्ष विजय कप्रवान, भाजपा जिलाध्यक्ष भरत भूषण भट्ट, जिलाधिकारी विशाल मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामप्रकाश सहित विभिन्न अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## युवाओं ने दिया स्वच्छता, पर्यावरण व देशभक्ति का संदेश

**रुद्रप्रयाग।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में 22 से 23 मार्च तक "शहीदी दिवस" के अवसर पर दो दिवसीय विशेष जन-जागरूकता एवं स्वच्छता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम "मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी" रही।इस दौरान व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें करीब तीन सौ किलोग्राम कूड़ा एकत्रित किया गया। विशेष रूप से प्लास्टिक कचरे के निस्तारण पर जोर देते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों ने रुद्रप्रयाग को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता पदयात्रा भी निकाली गई। पदयात्रा के दौरान "मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी", "वंदे मातरम", "भारत माता की जय" और "जय जवान जय किसान" जैसे नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति से गूंज उठा।

# एमडीडीए की आवासीय योजनाओं पर बढ़ा लोगों का भरोसा

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) की आवासीय योजनाएं अब आमजन की पहली पसंद बनती जा रही हैं। उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी के नेतृत्व में संचालित योजनाओं को जबरदस्त रिस्पांस मिला है। आईएसबीटी हाउसिंग योजना के सभी भ्ळ फ्लैट "पहले आओ-पहले पाओ" आधार पर पूरी तरह बुक हो चुके हैं, जबकि आमवाला तरला में निर्माणाधीन आवासीय योजना के एचआईजी श्रेणी के फ्लैट भी पूरी तरह बुक हो चुके हैं। जून 2024 में दोबारा लॉन्च के बाद से ही इस योजना के प्रति लोगों का आकर्षण लगातार बढ़ा है, जो अब पूरी बुकिंग के रूप में सामने आया है।



**पहले आओ-पहले पाओ" मॉडल हिट-आईएसबीटी और आमवाला तरला के सभी एचआईजी फ्लैट बुक, कम कीमत और बेहतर गुणवत्ता के दम पर एमडीडीए बना लोगों की पहली पसंद - निजी हाउसिंग प्रोजेक्ट्स पर भारी पड़ रही एमडीडीए की सस्ती और भरोसेमंद योजनाएं**

### गुणवत्ता और पारदर्शिता बनी सबसे बड़ी ताकत

एमडीडीए की योजनाओं की सफलता के पीछे निर्माण की उच्च गुणवत्ता और पारदर्शी प्रक्रिया सबसे बड़ा कारण है। फ्लैटों के निर्माण में तय मानकों का सख्ती से पालन किया गया है।

बुकिंग प्रक्रिया को "पहले आओ-पहले पाओ" के आधार पर सरल और निष्पक्ष रखा गया, जिससे हर वर्ग के लोगों को समान अवसर मिला। यही वजह है कि लोगों का भरोसा लगातार मजबूत हुआ है।

### निजी बिल्डरों पर भारी एमडीडीए की योजनाएं

देहरादून में जहां निजी बिल्डरों की परियोजनाएं लंबे समय से बाजार पर हावी रही हैं, वहीं अब एमडीडीए की योजनाएं उन्हें कड़ी टक्कर दे रही हैं। निजी प्रोजेक्ट्स में अक्सर ऊंची कीमत, निर्माण में देरी और अतिरिक्त शुल्क जैसी समस्याएं सामने आती हैं, जबकि एमडीडीए कम कीमत में बेहतर गुणवत्ता और तय समय में आवास उपलब्ध करा रहा है। एमडीडीए के फ्लैट न केवल सस्ते हैं, बल्कि इनमें बुनियादी सुविधाएं, बेहतर लोकेशन और सुरक्षित वातावरण भी सुनिश्चित किया गया है। यही कारण है कि अब लोग निजी योजनाओं के बजाय सरकारी विकल्प को ज्यादा भरोसेमंद मान रहे हैं।

### आमवाला तरला योजना बनी हॉट फेवरेट

आमवाला तरला आवासीय योजना तेजी से लोगों की पसंद बनकर उभरी है। बेहतर कनेक्टिविटी, आधुनिक सुविधाएं और व्यवस्थित विकास इसे खास बनाते हैं। योजना में पार्किंग, जल आपूर्ति, हरित क्षेत्र और सुरक्षा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे यहां रहने का अनुभव बेहतर होता है।

### आईएसबीटी योजना ने बनाई मजबूत साख

आईएसबीटी हाउसिंग योजना की सफलता ने एमडीडीए की विश्वसनीयता को और मजबूत किया है। परिवहन हब के पास स्थित होने के कारण यह योजना शुरू से ही आकर्षण का केंद्र रही। सभी फ्लैटों का पूरी तरह बुक हो जाना इस बात का प्रमाण है कि लोग इन योजनाओं को लेकर कितने आश्वस्त हैं।

### बढ़ती आबादी के बीच सुलझता आवास संकट

देहरादून में तेजी से बढ़ती आबादी के बीच एमडीडीए की योजनाएं संगठित शहरी विकास का उदाहरण बन रही हैं। प्राधिकरण न केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा कर रहा है, बल्कि भविष्य के लिए भी नई योजनाओं और लैंड बैंक पर काम कर रहा है, ताकि अधिक लोगों को किफायती आवास उपलब्ध कराया जा सके।

### सख्त मॉनिटरिंग से मिल रहा बेहतर परिणाम

उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी के निर्देशन में निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है। गुणवत्ता जांच और समयसीमा का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इन योजनाओं से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। निर्माण कार्यों में स्थानीय श्रमिकों को काम मिल रहा है और आसपास के क्षेत्रों में व्यापारिक गतिविधियां भी तेज हुई हैं।

### भविष्य की योजनाओं को लेकर बढ़ी उम्मीदें

एमडीडीए की मौजूदा योजनाओं की सफलता के बाद अब लोगों की नजर आने वाली परियोजनाओं पर है। उम्मीद है कि भविष्य में और अधिक आधुनिक, किफायती और सुव्यवस्थित आवासीय योजनाएं सामने आएंगी।

### प्राधिकरण का उद्देश्य, लोगों को सुरक्षित, किफायती और सुविधाजनक जीवन देना : तिवारी



उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी का बयान उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि एमडीडीए की आईएसबीटी और आमवाला तरला आवासीय योजनाओं की सफलता यह दर्शाती है कि यदि सरकारी योजनाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए, तो वे निजी क्षेत्र से बेहतर साबित हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि "पहले आओ-पहले पाओ" मॉडल ने आमजन के बीच विश्वास पैदा किया है और बुकिंग प्रक्रिया को पूरी तरह सरल बनाया है। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण का उद्देश्य केवल आवास उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि लोगों को सुरक्षित, किफायती और सुविधाजनक जीवन देना है। इसी दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी एमडीडीए इसी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ नई योजनाएं लाता रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

### भविष्य की योजनाओं में भी आमजन की जरूरतों को प्राथमिकता दी जाएगी : बर्निया

सचिव मोहन सिंह बर्निया का बयान सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि एमडीडीए की योजनाओं को मिल रहा जबरदस्त प्रतिसाद इस बात का संकेत है कि लोग अब गुणवत्तापूर्ण और भरोसेमंद आवास की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण द्वारा निर्माण कार्यों में उच्च मानकों का पालन किया जा रहा है और हर स्तर पर पारदर्शिता बनाए रखी गई है। उन्होंने बताया कि भविष्य की योजनाओं में भी आमजन की जरूरतों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि देहरादून में सुनियोजित और संतुलित शहरी विकास सुनिश्चित हो सके।

## कृषि मंत्री जोशी ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय में उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ राज्य एवं केन्द्र पोषित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विभागीय कार्यों की स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। कृषि मंत्री जोशी ने जनपद उत्तरकाशी के मोरी क्षेत्र में प्रस्तावित कोल्ड स्टोरेज निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नाबार्ड, एपिडा अथवा अन्य उपलब्ध योजनाओं के माध्यम से इस परियोजना को जल्द से जल्द धरातल पर उतारा जाए, ताकि स्थानीय कृषकों को अपनी उपज के संरक्षण और विपणन में सुविधा मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राज्य के किसानों के हित में कृषि एवं बागवानी से संबंधित जागरूकता कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाए तथा जन उपयोगी योजनाओं का निर्माण कर उन्हें प्रभावी रूप से लागू किया जाए। बैठक के दौरान औद्यानिकी परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने विभागीय मंत्री गणेश जोशी को जानकारी दी कि राज्य में स्थापित आईटीबीपी बटालियनों के साथ एक एमओयू किया गया है, जिसके तहत सीमांत क्षेत्रों के कृषकों द्वारा उत्पादित ताजे फल एवं सब्जियों का विक्रय किया जाएगा। इस पहल से दूरस्थ क्षेत्रों में बागवानी कर रहे किसानों को स्थानीय बाजार की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और उनकी आय में वृद्धि होगी। इस अवसर पर निदेशक उद्यान सुंदर लाल सेमवाल, औद्यानिकी परिषद के सीईओ नरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सितारों ने लैक्मे फैशन वीक में बिखेरा जलवा

**देहरादून।** दो दशकों के सफर, लाखों वॉर्डरोब का हिस्सा बनने और अनगिनत स्टाइल पलों को रचने के बाद, मैक्स फैशन ने अपनी 20वीं सालगिरह को एक यादगार उत्सव में बदल दिया। भारत के सबसे प्रतिष्ठित रनवे, श्लैक्मे फैशन वीकश पर मैक्स ने महज एक शो नहीं, बल्कि एक शानदार फैशन पार्टी पेश की। शो में प्रदर्शित किए गए 35 लुक्स पारंपरिक फैशन से कहीं आगे थे। मंच पर तीन चमकते सितारोंख्रकल्कि कोचलिन, सिद्धांत चतुर्वेदी और अलाया एफख्रकी मौजूदगी ने ऊर्जा को दोगुना कर दिया। मैक्स फैशन के सीईओ, सुमित चंदना ने इस ऐतिहासिक मौके पर अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि, ''भारत में 20 साल का सफर पूरा करना मैक्स फैशन के लिए एक बेहद गर्व का क्षण है। भारत हमेशा से एक जीवंत और अभिव्यक्तिपूर्ण फैशन बाजार रहा है। इन वर्षों में हम उस पीढ़ी के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़े हैं, जो आत्मविश्वास, अपनी पहचान और एक बेफिक्र अंदाज के साथ स्टाइल को अपनाती है। लैक्मे फैशन वीक के इस प्रतिष्ठित रनवे पर इस जश्न को लाना, हमारी इस उपलब्धि को मनाने का सबसे उपयुक्त और शानदार तरीका है।

# श्वेत पत्र की मांग के बजाय सच्चाई को स्वीकारे कांग्रेस: चौहान

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि राज्य मे विकास कार्यों को लेकर श्वेत पत्र की मांग करने वाली कांग्रेस को सच्चाई स्वीकारने की जरूरत है। सीएम पुष्कर सिंह धामी की अगुवाई वाली सरकार ने जन हित के जो असंख्य कार्य किये हैं वह देश मे नजीर और ऐतिहासिक हैं।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के बयान पर कड़ी और तथ्यात्मक प्रतिक्रिया देते हुए चौहान ने कहा कि कांग्रेस द्वारा उठाए गए "4 साल 8 सवाल" पूरी तरह राजनीतिक भ्रम फैलाने का प्रयास है, जबकि धरातल पर सच्चाई बिल्कुल विप. रीत है। उन्होंने कहा धरातल पर सभी तथ्य मौजूद हैं कि राज्य मे विकास की तस्वीर क्या है। उन्होंने



कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दे पर सरकार ने हर जरूरी कदम उठाकर आम जन को राहत देने की कोशिश की है। राज्य सरकार ने केंद्र के साथ मिलकर मुफ्त राशन योजना, गैस सब्सिडी और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाखों परिवारों को सीधा लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि राज्य मे रोजगार की स्थिति उत्साहजनक है। उत्तराखंड में पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया लागू कर नकल विरोधी सख्त कानून लागू कर युवाओं के भविष्य को सुरक्षित

**■ नेत्र दोष से पीड़ित कांग्रेस को उपचार की जरूरत**

किया गया और हजारों पदों पर नियुक्तियां हुईं। वहीं राज्य में मेडिकल कॉलेजों का विस्तार, जिला अस्पतालों का सुदृढ़ीकरण और दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ी है। शिक्षा के क्षेत्र मे भी राज्य मे कई उल्लेखनीय कदम उठाये गए हैं। सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास, डिजिटल संसाधन और शिक्षकों की नियुक्तियों के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिली है।

पलायन रोकने के लिए कई स्वरोजगारपरक नीतियाँ चलाई जा रही है। इनमे होमस्टे योजना, सड़क और कनेक्टिविटी में सुधार से पहाड़ों में आजीविका के अवसर बढ़े हैं। वहीं पर्यटन को पंख लगे हैं। राज्य मे कानून व्यवस्था चाक चौबंद है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान चलाये जाते रहे हैं। अब थाना चौकियों मे रिपोर्ट दर्ज करने से लेकर कार्यवाही मे कोताही नही बरती जाती है। वहीं सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्टाचार के कई मामलों में जांच और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। 200 से अधिक लोग सलाखों के पीछे भेजी गयी है। आपदा प्रभावितों के पुनर्वास, राहत वितरण और आधुनिक पूर्व चेतावनी प्रणाली के विकास पर प्रभावी कार्य हुआ है। चौहान ने कहा कि कांग्रेस को अपने भय, भ्रष्टाचार और अरा. जकता वाले कार्यकाल के अवलोकन कि जरूरत है।

# केन्द्र सरकार ने राज्य में फार्म फेंसिंग के लिए दी 25 करोड़ की धनराशि

**■ सीएम धामी ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान का जताया आभार**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** केन्द्र सरकार द्वारा राज्य में जंगली जानवरों से कृषि फसलों की सुरक्षा के लिए 25 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है, इस संबंध में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को प्रेषित पत्र में बताया कि राज्य सरकार द्वारा भेजे गये इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी है।

मुख्यमंत्री धामी द्वारा प्रदेश के किसानों के व्यापक हित तथा कृषि फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए केन्द्रीय कृषि मंत्री से घेरबाड़ के लिये वित्तीय सहायता दिये जाने का अनुरोध किया गया था। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने फार्म फेंसिंग (घेरबाड़) के लिए 25.00 करोड़ रुपये की धनराशि के प्रस्ताव को सैद्धांतिक रूप से स्वीकृति प्रदान करते हुए इसे राज्य के किसानों के हित में सकारात्मक कदम बताया है। सीएम ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान का आभार प्रकट व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल प्रदेश के किसानों को जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान से राहत प्रदान करेगी और कृषि उत्पादन को सुरक्षित एवं सुदृढ़ बनाने में भी सहायक सिद्ध होगी।

## ''उत्तराखण्ड की मिट्टी से-नायक से जन नायक पुष्कर सिंह धामी'' पंचाग टेबल कैलेंडर का विमोचन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में पंचांग टेबल कैलेंडर ''उत्तराखण्ड की मिट्टी से-नायक से जन नायक पुष्कर सिंह धामी'' का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पंचांग कैलेंडर में तिथि, वार, पक्ष, मास, पर्व एवं विशेष दिवसों की जानकारी के साथ पारंपरिक त्योहारों, व्रतों आदि को दर्शाया गया है। मुख्यमंत्री ने ऐसे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे लोगों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इस कैलेंडर की संकल्पना मुख्यमंत्री के मीडिया समन्वयक मदन मोहन सती द्वारा की गई है। इस पंचाग टेबल कैलेंडर में मुख्यमंत्री जी द्वारा जनहित में लिए गये दूरदर्शी र्निणयों राज्य सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों तथा जनकल्याणकारी नीतियों को भी समा. हत किया गया है। इस अवसर पर मीडिया सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो गोविन्द सिंह, दीप कोश्यारी व किशोर भट्ट आदि उपस्थित थे।

# किसानों के खातों में ससमय मिले एप्पल मिशन का बजट : जोशी

**■ कृषि मंत्री जोशी ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ सेब की अति सघन बागवानी योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 की स्वीकृत रुपये 2925 लाख की धनराशि के आवंटन को लेकर बैठक की। बैठक के दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपदवार मांग के अनुसार धनराशि का शीघ्र आवंटन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को समय पर योजना का लाभ मिल सके।कृषि मंत्री गणेश जोशी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि प्रदेश में एप्पल



मिशन एवं सेब की अति सघन बाग. वानी योजना के अंतर्गत किसानों को मिलने वाली लंबित राजकीय सहायता का भुगतान 31 मार्च से पहले हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से किसानों तक पहुंचाना प्राथमिकता है। इस योजना के तहत स्वीकृत 2925 लाख की धनराशि से प्रदेश के कुल 1264 किसान लाभान्वित होंगे। मंत्री जोशी ने अधिकारियों को पारदर्शिता एवं त्वरित कार्यवाही के साथ योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए। बैठक में सचिव कृषि एसएन पांडेय, बागवानी मिशन निदेशक महेंद्र पाल आदि उपस्थित रहे।

**किसानों का जनपदवार विवरण**

पौड़ी में 11, टिहरी गढ़वाल के 57, चमोली के 24, उत्तरकाशी के 895, चम्पावत के 16, नैनीताल के 15, अल्मोड़ा के 17, देहरादून के 229 किसानों को सेब की अति सघन बागवानी योजना के तहत राजस. हायता का भुगतान होगा।

# अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ करें चिकित्सक : उनियाल

**■ प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के पदाधिकारियों ने की स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल से शिष्टाचार मुलाकात**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के लिए सरकार और प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के बीच तालमेल लगातार मजबूत होता नजर आ रहा है। इसी क्रम में संघ के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

आगामी अधिवेशन में शामिल होने का आमंत्रण दिया। स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए हर



### स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने पर सरकार का जोर

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार चिकित्सकों की कार्य परिस्थितियों को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। अस्पतालों में सुविधाओं का विस्तार, संसाधनों की उपलब्धता और मानव संसाधन की मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सशक्त होंगी और एक मॉडल के रूप में उभरेंगी।

संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मुलाकात के दौरान स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ की मांगों पर हमेशा सकारात्मक रुख अपनाया है और आगे भी संघ की जायज मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के हर नागरिक तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचें, विशेष रूप से पर्वतीय और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने संघ से अपील करते हुए कहा कि चिकित्सक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और संवे. दनशीलता के साथ करें, ताकि आमजन को गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके।

इस अवसर पर संघ के महासचिव डॉ यशपाल तोमर, महिला उपाध्यक्ष डॉ गरिमा भट्ट, संयुक्त सचिव डॉ नितिन मलिक एवं उपाध्यक्ष डॉ विनय शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरे एलआईसी पालिसी सं. -125648486 में मेरा नाम जगदीश लाल अंकित है जो कि गलत है। जबकि मेरा वास्तविक नाम मदन लाल है। यह दोनों नाम एक ही एक ही व्यक्ति के है।

**मदन लाल पुत्र मोती लाल , निवासी ग्राम कपरोली, कीर्तिनगर, टिहरी गढ़वाल।**

## बजाज पल्सर का एन160 सिंगल सीट यूएसडी वेरिएंट, उत्तराखंड में उपलब्ध

**देहरादून।** दुनिया की सबसे वैल्यूएबल टू- और थ्री-व्हीलर मैन्युफैक्चरर कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड ने आज उत्तराखंड में पल्सर एन160 सिंगल सीट यूएसडी वेरिएंट के लिए विशेष कीमत की घोषणा की। यह मोटरसाइकिल अब आईएनआर 1,21,239/- (एक्स-शोरूम उत्तराखंड) की कीमत पर उपलब्ध है। नई कीमत से लगभग आईएनआर 3,782/- की कमी आई है, जो स्पोर्ट्स मोटरसाइक्लिंग को अधिक से अधिक युवाओं तक पहुँचाने की बजाज ऑटो की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है।

# लखवाड़ बहुद्देशीय परियोजना को दी जाएगी गति: एमडी

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** यूजेवीएन लिमिटेड के नवनियुक्त प्रबंध निदेशक अजय कुमार सिंह ने सोमवार 300 मेगावाट की लखवाड़ बहुद्देशीय परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने परियोजना के विभिन्न घटकों जैसे बांध निर्माण, विद्युत उत्पादन संरचनाओं, सुरंग कार्य तथा सहायक अवसंरचनाओं आदि का गहनता से निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की।

प्रबंध निदेशक ने परियोजना की वर्तमान प्रगति की समीक्षा करते हुए



आगामी कार्यों के रोडमैप पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप तीव्र गति से संचालित किए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि इस हेतु पर्याप्त संख्या में मानव शक्ति, मशीनरी एवं अन्य आवश्यक संसाधनों कार्यस्थल पर लगाए जाएं। श्री सिंह ने यह भी कहा कि लखवाड़ परियोजना राज्य एवं राष्ट्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो न केवल विद्युत उत्पादन में वृद्धि करेगी, बल्कि सिंचाई, पेयजल आपूर्ति तथा बाढ़ नियंत्रण जैसे बहुआयामी लाभ भी प्रदान करेगी।

उन्होंने निगम के अधिकारियों तथा परियोजना से जुड़ी विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता या बाधा स्वीकार्य नहीं होगी।

उन्होंने सख्त शब्दों में कहा कि गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री एवं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली इस परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कर राष्ट्र को समर्पित करना सर्वोच्च लक्ष्य है।

**अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत देहरादून**

पत्रांक: 2817/vi/जि०पं० दे०दून/ 2025-26, दिनांक: 23.03.2026

**शुद्धि पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि उत्तराखण्ड शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश संख्या: 447/xxxi(15) G/25-74 (सा०)/2016, दिनांक: 20.03.2026 के अधीन दिनांक 24.12. 2025 की अनुसूची-1 के कम सं.-7 पर उल्लिखित महावीर जयन्ती हेतु दिनांक 31.03.2026 को घोषित सार्वजनिक अवकाश में संशोधन करते हुए दिनांक 30.03.2026 (सोमवार) को महावीर जयंती का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। उक्त शासनादेश के पालन में इस कार्यालय के पत्र संख्या: 2758, दिनांक: 16.03.2026 द्वारा ''यूनीपोल किराया वसूली ठेके'' हेतु शीलबन्द निविदाएँ जोकि दिनांक 30.03.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की गयी हैं, उक्त निविदा की तिथियों निम्नवत् संशोधित की जाती हैं। शेष शर्तें यथावत रहेगी।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अन्तिम तिथि- 28.03.2026 सायं 5:00 बजे तक।
2. निविदा कार्यालय जिला पंचायत देहरादून में प्राप्त होने की तिथि- 31.03.2026 अपरान्ह 2:00 बजे तक।
3. निविदा खोले जाने की तिथि 31.03.2026 अपरान्ह 3:00 बजे।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत देहरादून**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी. डि ) महोदय, रुद्रप्रयाग**
**दी. वा. सं. 07/2026**

**वादिनी** - श्रीमती रीना देवी, पत्नी राकेश सिंह, निवासी ग्राम डुंग्रा पो. ओ. कांडई, हाल मायका क्लेथ (मरगांव) पो.ओ. पौड़ी निषणी तहसील व जिला रुद्रप्रयाग।

**बनाम**

**प्रतिवादीगण** - सुनीता देवी पत्नी सोहन सिंह, ग्राम मेखंडी, पो.ओ. जखंड, तहसील कीर्तिनगर जिला टिहरी गढ़वाल। 2. ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत पौडीखाल विकासखंड अगस्त्यमुनी, तहसील एवं जिला रुद्रप्रयाग। 3. तहसीलदार महोदय रूद्रप्रयाग। 4. उत्तराखंड सरकार द्वारा कलेक्टर महोदय रुद्रप्रयाग। 5. आम व खास।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वादिनी रीना देवी ने अपने लापता भाई धीरेंद्र सिंह निवासी ग्राम डुंग्रा पो. ओ. कांडई, हाल मायका क्लेथ (मरगांव) पो. ओ. पौड़ी निषणी. तहसील व जिला रुद्रप्रयाग की दीवानी मृत्यु घोषित किए जाने बाबत का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमे वास्ते तिथि आपत्ति दिनांक 27. 3. 2026 को नियत है। अत: जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त लापता धीरेन्द्र सिंह के दीवानी मृत्यु घोषित किये जाने पर कोई आपत्ति हो तो उक्त तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

अत: उक्त तिथि को दिन के ठीक 10 बजे आप मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता उपस्थित होना सुनिश्चित करें ऐसा करने में चूक न हो।

दिनांक : 13. 03.2026

**आदेशानुसार**
**मुंसरिम**
**सिविल जज ( सी. डि. ) रुद्रप्रयाग**

